कार्यालय मुख्य अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार।

पत्रांकः न–10(2)/सीएफओ–एच/18

दिनांकः फरवरी 05, 2018।

प्रबन्धक/प्रधानाचार्य
मैसर्स द विसडम ग्लोबल स्कूल,
हरिद्वार–दिल्ली रोड, ज्वालापुर,
जनपद–हरिद्वार

विषयः अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था के सम्बन्ध में।

कृपया आपके आवेदन यूनिक नम्बरः–80239771, दिनांकः 20.01.2018 जो कि **Uttarakhand Fire and Emergency Services** के वेब पेज पर प्राप्त हुआ है, के अनुसार मैसर्स द विसडम ग्लोबल स्कूल, हरिद्वार–दिल्ली रोड, ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार की अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार से कराया गया, अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार की निरीक्षण आख्या दिनांकः 25.01.2018 के अनुसार निरीक्षण के दौरान अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था–ए0बी0सी0 फायर एक्सटिंग्यूशर 04 किग्रा0 क्षमता–16 अदद, सी0ओ0टू0 फायर एक्सटिंग्यूशर 4.5 किग्रा0 क्षमता–02 अदद, होजरील–05 अदद, हाईड्रेन्ट–06 अदद, टैरिस टैंक 60,000 ली0 क्षमता–01 अदद, फायर पम्प 20 एचपी क्षमता–01 अदद का कार्यशील दशा में होना एंव संस्तुति के सुझाव दिया है कि संस्थान के प्रशासनिक भवन तथा बेसमेन्ट एरिया में एक–एक सी0ओ0टू0 फायर एक्सटिंग्यूशर एवं संस्थान में सायरन एवं एम0सी0पी0 का प्रावधान किया जाना अंकित किया है।

निर्देशित किया जाता है कि विद्यालय भवन का विस्तार/अन्य तलों का निर्माण करने पर तद्नुसार अलग से अग्निशमन सुरक्षा व्यवस्था कराकर प्रमाण पत्र प्राप्त करना होगा। अग्निशमन व्यवस्था समय–2 पर चैक कर सदैव कार्यशील दशा में रखी जाये, अकार्यशील पाये जाने पर तत्काल कार्यशील करा ली जाये, स्थानीय थाना/अस्पताल/फायर स्टेशन हरिद्वार के टेलीफोन नं0 01334–265600/101 को भवन के मुख्य स्थान पर अंकित किया जाये तथा अग्निशमन व्यवस्था सम्बन्धी Lay out plan भी प्रवेश द्वार पर उपलब्ध रखा जाये, एन.बी.सी के भाग–4 में उल्लिखित मानकों के अनुसार अग्निशमन व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखा जाये।

अतः अग्निशमन हरिद्वार की संस्तुति आख्या तथा उपरोक्त अनुबन्ध के साथ एवं उप निदेशक महोदय (प्र0/तक0), अग्निशमन एवं आपात सेवा उत्तराखण्ड, देहरादून के अनुमोदन के उपरान्त मैसर्स द विसडम ग्लोबल स्कूल, हरिद्वार–दिल्ली रोड, ज्वालापुर, जनपद हरिद्वार को उपलब्ध अग्निशमन उपकरणों का कार्यशीलता प्रमाण पत्र निर्गत तिथि से एक वर्ष हेतु इस उपबन्ध के साथ जारी किया जाता है कि यदि आकस्मिक निरीक्षण के दौरान दिये सुझाव के अनुरूप व्यवस्था का होना नहीं पाया जाता है एवं किसी प्रकार की लापरवाही/तकनीकी खराबी के कारण अग्नि दुर्घटना के समय अग्निशमन उपकरण कार्य नहीं करते हैं तो पूर्ण उत्तरदायित्व विद्यालय प्रबन्धन का होगा, तथा प्रदत्त प्रमाण पत्र स्वतः निरस्त माना जायेगा।

(राजेन्द्र सिंह खाती)
मुख्य अग्निशमन अधिकारी
हरिद्वार।

प्रतिलिपिः अग्निशमन अधिकारी हरिद्वार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

SANJAY DEWANGAN
(PRINCIPAL)
THE WISDOM GLOBAL SCHOOL
U.C. Jain Foundation Trust
7th. K.M., Haridwar-Delhi Road
Jwalapur, Haridwar

Scanned with CamScanner